नव भारत
राष्ट्रीयता का प्रहरी 1934 से
जबलपुर 77 वां वर्ष संस्करण


5 जनता है संविधान की संरक्षक


6 सांस्कृतिक एकता के सूत्रधार आद्य शंकराचार्य


7 विकसित भारत की यात्रा एक साझा राष्ट्रीय मिशन


8 स्मृति मंधाना और बुमराह विश्व के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर




# आतंकी हमले में 26 की मौत

## पहलगाम में पर्यटकों को चुन-चुन कर बनाया निशाना, देश में अलर्ट

**श्रीनगर, 22 अप्रैल. जम्मू-कश्मीर में अनंतनाग जिले के पहलगाम के पास मंगलवार को एक बड़े आतंकवादी हमले में 26 पर्यटकों के मारे जाने और कम से कम आठ अन्य के घायल होने की आशंका है। मृतकों की संख्या के बारे में अब तक हालांकि, कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गयी है। हमले के बाद पूरे देश में गृहमंत्रालय ने अलर्ट घोषित किया है।**



हमले के बाद श्रीनगर में अमित शाह की जम्मू कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला के साथ हाई लेवल बैठक हुई है. इस बैठक में एलजी मनोज सिन्हा समेत कई अधिकारी मौजूद थे.

यह हमला अपराह्न करीब 1.30 बजे बैसरन मैदानी क्षेत्र में हुआ, जो पहलगाम के पास खूबसूरत लेकिन गैर-मोटर वाहन योग्य स्थान है। हमले पर केंद्र सरकार ने तत्काल प्रतिक्रिया व्यक्त की और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह उच्च स्तरीय सुरक्षा समीक्षा का नेतृत्व करने के लिए श्रीनगर पहुंचे। श्री शाह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भी घटना के बारे में जानकारी दी, जो वर्तमान में सऊदी अरब की आधिकारिक यात्रा पर हैं। प्रधानमंत्री और गृह मंत्री दोनों ने अपराधियों को नहीं बख्शने का प्रण लिया है।

अधिकारियों ने बताया कि बंदूकधारियों ने बैसरन में पर्यटकों के एक समूह पर गोलीबारी की, जिसमें बड़ी संख्या में लोग हताहत हुए। सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आया है जिसमें एक पर्यटक महिला रोती हुई कह रही है कि वे 'भेल पुरी' खा रहे थे, तभी एक आतंकवादी ने उसके पति को गोली मार दी। वीडियो में एक और महिला रोती हुई अपने पति को बचाने के लिए मदद मांग रही है। अधिकारियों ने बताया कि आठ घायलों को पहलगाम के एक चिकित्सा केंद्र में लाया गया और उनमें से दो को गंभीर हालत में श्रीनगर के अस्पताल में भर्ती कराया गया। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि घटनास्थल पर वाहनों से नहीं पहुंचा जा सकता और सुरक्षा बलों को पैदल ही घटनास्थल पर भेजा गया है।

जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा कि हमलावरों का पता लगाने के लिए तलाशी अभियान शुरू किया गया है। वह केंद्र शासित प्रदेश में सुरक्षा और कानून व्यवस्था की देखरेख करते हैं।

गौरतलब है कि 2019 के बाद से जम्मू-कश्मीर में यह पहला बड़ा आतंकवादी हमला है। पिछला बड़ा आतंकवादी हमला 14 फरवरी, 2019 को हुआ था, जब जैश-ए-मोहम्मद के एक स्थानीय आत्मघाती हमलावर आदिल डार ने लेथपोरा पुलवामा में अपनी विस्फोटकों से भरी कार को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की बस से टकरा दिया था, जिसमें बल के 40 जवान मारे गये थे। इस हमले के बाद बालाकोट में हवाई हमले किये गये। एक दिन बाद पाकिस्तान ने जवाबी कार्रवाई की और इससे दोनों देशों के बीच एक संक्षिप्त लड़ाई शुरू हो गयी। पुलवामा हमले ने भारत और पाकिस्तान को युद्ध के कगार पर ला खड़ा किया था। इससे पहले, जुलाई 2017 में दक्षिण कश्मीर में एक आतंकवादी हमले में अमरनाथ गुफा का दर्शन करके लौट रहे आठ तीर्थयात्री मारे गये थे तथा 10 से अधिक घायल हो गये थे।

### आतंकियों को बख्शा नहीं जाएगा : पीएम

पीएम मोदी ने आतंकी हमले की निंदा की और कहा कि आतंकियों को बख्शा नहीं जाएगा. प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर कहा, मैं जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करता हूं. इस जघन्य कृत्य के पीछे जो लोग हैं, उन्हें बख्शा नहीं जाएगा. उनका नापाक एजेंडा कभी सफल नहीं होगा.


### एक नजर में



#### इंदौर में कोरोना से महिला की मौत

इंदौर. मध्य प्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर में कोरोना संक्रमण ने एक बार फिर दस्तक दे दी है. शहर में दो नए कोविड पॉजिटिव मरीज सामने आए हैं, जिससे स्वास्थ्य महकमे में हड़कंप मच गया है. संक्रमितों में गंभीर रूप से बीमार महिला और एक युवक शामिल हैं. जिसमें महिला की मौत हो चुकी है, वहीं युवक इलाजरत है. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बीएस सत्या ने खबर की पुष्टि करते हुए नवभारत को बताया कि महिला पहले से किडनी की बीमारी से पीड़ित थी और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. वहीं दूसरा संक्रमित मरीज एक युवक है, जो मूल रूप से देवास का निवासी है और इंदौर में रह रहा था.

## Sunset after the Son rise




कैथोलिक चर्च के प्रमुख को श्रद्धांजलि!

# 7 जजों के तबादले की सिफारिश

## सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम का फैसला

**नई दिल्ली, 22 अप्रैल. भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाले सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने कर्नाटक हाईकोर्ट के चार जजों समेत उच्च न्यायालयों के सात न्यायाधीशों के तबादले की सिफारिश की है. 15 और 19 अप्रैल को हुई बैठकों में कॉलेजियम ने यह फैसला लिया.**

सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने कहा कि यह फैसला हाईकोर्ट के स्तर पर समावेशिता और विविधता लाने और न्याय प्रशासन की गुणवत्ता को मजबूत करने के उद्देश्य से लिया गया है. सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर अपलोड किए गए एक प्रस्ताव में कॉलेजियम ने कहा, उच्च न्यायालयों के स्तर पर समावेशिता और विविधता लाने तथा न्याय प्रशासन की गुणवत्ता को मजबूत करने के उद्देश्य से सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने 15 अप्रैल, 2025 और 19 अप्रैल, 2025 को आयोजित अपनी बैठकों में उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों के स्थानांतरण की सिफारिश की है.

सिफारिशों में कर्नाटक उच्च न्यायालय के जस्टिस हेमंत चंदनगौदर को मद्रास हाईकोर्ट, जस्टिस कृष्णन नटराजन को केरल हाईकोर्ट, जस्टिस नेरनाहल्ली श्रीनिवासन संजय गौड़ा को गुजरात हाईकोर्ट तथा जस्टिस दीक्षित कृष्ण श्रीपद को उड़ीसा हाईकोर्ट भेजने को कहा गया.

# यूपीएससी में शक्ति दुबे टॉपर

**1009** उम्मीदवारों को नियुक्तियों के लिए अनुशंसित किया गया | **25** शीर्ष उम्मीदवारों में 11 महिलाएं और 14 पुरुष शामिल


शक्ति दुबे


हर्षिता गोयल


डोंगरे अर्चित पराग

**नयी दिल्ली 22 अप्रैल. यूपीएससी ( संघ लोक सेवा आयोग ) ने 22 अप्रैल मंगलवार को सिविल सेवा परीक्षा 2024 का अंतिम परिणाम घोषित कर दिया है। सिविल सेवा परीक्षा में शक्ति दुबे ने प्रथम और हर्षिता गोयल ने दूसरा स्थान हासिल किया है जबकि डोंगरे अर्चित पराग तीसरे स्थान पर रहे. आयोग ने मंगलवार को परीक्षा का परिणाम घोषित करते हुए बताया कि शीर्ष पांच उम्मीदवारों में से तीन महिलाएं और दो पुरूष हैं. परीक्षा में कुल 1009 उम्मीदवारों ( 725 पुरुष और 284 महिला ) को विभिन्न सेवाओं में नियुक्ति के लिए आयोग द्वारा अनुशंसित किया गया है.**


आशुषी बंसल को 7वीं रैंक


रोमिल द्विवेदी को 27वीं रैंक


ऋषभ चौधरी को 28वीं रैंक

इनमें से भारतीय प्रशासनिक सेवा के लिए 180, भारतीय विदेश सेवा के लिए 55, भारतीय पुलिस सेवा के लिए 147 , सेन्ट्रल सर्विस ग्रुप ए के लिए 605 और ग्रुप बी के लिए 142 उम्मीदवार चुने गये हैं. सिविल सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा के लिए कुल 9,92,599 उम्मीदवारों ने आवेदन किया था, जिनमें से 5,83,213 उम्मीदवार वास्तव में परीक्षा में उपस्थित हुए. कुल 14,627 उम्मीदवार लिखित (मुख्य) परीक्षा के लिए योग्य पाये गये. इनमें से 2,845 उम्मीदवार परीक्षा के व्यक्तित्व परीक्षण के योग्य पाये गये. अंतिम रूप से 1009 उम्मीदवारों को नियुक्तियों के लिए अनुशंसित किया गया है.

### एमपी के 30 युवाओं ने मारी बाजी

संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की सिविल सेवा परीक्षा 2024 के परिणाम में मध्य प्रदेश के 30 से अधिक युवाओं ने बाजी मारी है. सिविल सेवा परीक्षा में मध्य प्रदेश के कई छात्र-छात्राओं ने बाजी मारी है। ग्वालियर की आशुषी बंसल ने सातवीं रैंक हासिल कर कमाल कर दिया है। वहीं, रीवा के रोमिल द्विवेदी को 27वीं और मंदसौर के ऋषभ चौधरी को 28वीं रैंक मिली है। भोपाल के क्षितिज आदित्य शर्मा को 58वीं और इंदौर के योगेश राजपूत को 540वीं रैंक मिली है। अशोकनगर आशीष रघुवंशी ने 202वीं रैक हासिल की है। इसके अलावा भी कई छात्र-छात्राओं का चयन यूपीएसी में हुआ है।

**मोदी दो दिवसीय सऊदी यात्रा पर** ▶ दोनों देशों के रिश्ते स्थायित्व के मजबूत स्तंभ की तरह हैं खड़े

# सऊदी अरब के साथ संबंधों में असीम संभावनाएं

**जेद्दा, 22 अप्रैल. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सऊदी अरब की दो दिवसीय यात्रा पर पहुंचे. दोनों देशो के बीच बढ़ते संबंधों की 'असीम संभावनाओं' की चर्चा करते हुए कहा है कि अस्थिरता से भरी दुनिया में दोनों देशों के रिश्ते स्थायित्व के मजबूत स्तंभ की तरह खड़े हैं।**



वर्ष 2016 और 2019 के बाद उनकी सऊदी अरब की उनकी यह तीसरी यात्रा है। श्री मोदी ने सऊदी अरब को एक विश्वसनीय और सामरिक रूप से महत्वपूर्ण साझीदार बताते हुए जोर देकर कहा कि वर्ष 2019 से 'रणनीतिक साझीदार परिषद' के गठन के बाद से दोनो देशो के बीच द्विपक्षीय संबध महत्वपूर्ण रूप से काफी व्यापक हुए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा ,' हमारी साझीदारी में असीमित संभावनाए हैं।

### पीएम मोदी महान नेता : जेडी वेंस

अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस अपनी पहली आधिकारिक भारत यात्रा पर हैं। यहां उन्होंने सबसे पहले अक्षरधाम मंदिर में जाकर दर्शन किए। वहीं, बाद में उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ द्विपक्षीय बैठक की। इस दौरान दोनों नेताओं ने भारत-अमेरिका व्यापार समझौते (बीटीए) में हुई प्रगति का स्वागत किया और ऊर्जा, रक्षा व तकनीकी क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की।



1045.2025